**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.02.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

----------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के लगभग 10 करोड़ किसानों को कल 19वीं किस्त जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कई योजनाओं की शुरुआत भी करेंगे। प्रदेश के लगभग नौ लाख 90 हजार किसानों को ये किस्त जारी की जाएगी।

इधर शिमला जिला के कृषि विज्ञान केंद्र रोहडू में किसानों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक करने के मकसद से एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें लगभग 150 किसान हिस्सा लेंगे। आत्मा परियोजना के निदेशक डीसी कश्यप ने शिमला में बताया कि जिले में आत्मा परियोजना के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित व प्रशिक्षित किया जा रहा है।

----------

प्रदेश में आज सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसकी रिएक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3 दशमलव 7 मापी गई है। भूंकप का केंद्र बिंदू मंडी के सुंदरनगर का कियारगी नामक स्थान पाया गया है। भूकंप से अभी तक किसी भी प्रकार के जान–माल के नुकसानका समाचार नहीं है।

----------

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक मंडल की बैठक कल उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में छह सौ करोड़ की लागत से सात सौ नई बसें खरीदने

का निर्णय लिया गया। इनमें 297 टाइप–1 इलेक्ट्रिक बसें अगले 4 महीनों के भीतर निगम के बेड़े में शामिल हो जाएंगी। बस खरीद के मामलों को निदेशक मंडल ने मंजूरी दे दी है, लेकिन इसे अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट में रखा जाएगा। बैठक में 250 डीजल बसों के टेंडर को भी मंजूरी दी गई है। बीओडी ने निर्णय लिया कि ये बसें केवल 37 सीटर ली जाएगी।

----------

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि आकांक्षी जिला चम्बा के विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार प्रयासरत है। चम्बा में पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि जिला में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वहीं कई बड़े पुल भी निर्मित किए जा रहे हैं। आने वाले समय में लोगों को और बेहतर सड़क सुविधाएं देने के प्रयास सरकार कर रही है।

----------

राज्य में गैर पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्रामीण विकास विभाग और अल्ट्राटैक सीमेंट लिमिटेड के बीच कल शिमला में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। इसके तहत अल्ट्राटैक सीमेंट सोलन ज़िले में दाड़लाघाट के बागा स्थित अपनी सीमेंट भट्टी में गैर पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे के सह–प्रसंस्करण के लिए विभाग के साथ सहयोग करेगी। प्रदेश में अंबूजा सीमेंट के प्लांट बिलासपुर, हमीरपुर, मण्डी, सोलन और ऊना ज़िला के गैर पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करेंगे। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्तमान में 29 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाईयों को चालू कर दिया गया है और इन इकाईयों के गैर पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे को भी सह–प्रसंस्करण के लिए अल्ट्राटैक सीमेंट प्लांट में भेजा जाएगा।

----------

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि प्रदेश में कल हुई हल्की बूंदाबांदी हुई से न्यूनतम तापमान में एक से पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। उधर, दूसरे दिन भी बड़े वाहनों के लिए अटल टनल रोहतांग बहाल नहीं हो पाई। इससे लाहौल की ओर जाने वाले स्थानीय लोगों और पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 25

से 28 फरवरी तक फिर भारी बारिश–बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————